कुलसचिव कार्यालय
लखनऊ विश्वविद्यालय
लखनऊ–226007

संदर्भ संख्या : R/7557 / सम्बद्धता अनु. / 2021

दिनांक : 24/8/2021

सेवा में,

प्रबन्धक,
सरदार पटेल इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेदिक मेडिकल साइंसेज एण्ड रिसर्च सेन्टर,
कनकहा, मोहनलालगंज, रायबरेली रोड, लखनऊ।

महोदय,

कृपया स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत संचालित **बी0ए0एम0एस0 पाठ्यक्रम** की अस्थायी सहयुक्तता प्रदान किये जाने विषयक अपने पत्र दिनांक 02.08.2021 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

इस सम्बन्ध में मुझे यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत **बी0ए0एम0एस0 पाठ्यक्रम** की अस्थायी सहयुक्तता प्रदान किये जाने विषयक महाविद्यालय के प्रस्ताव के परिप्रेक्ष्य में कार्य परिषद की बैठक दिनांक 24.08.2021 के मद संख्या : 08(27) द्वारा **बी0ए0एम0एस0 पाठ्यक्रम** में सत्र 2021–22 के लिए अस्थायी सहयुक्तता अधोलिखित शर्तों के अधीन प्रदान कर दी गयी है :–

1. **यह सहयुक्तता पत्र सी0सी0आई0एम0/आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रदत्त मान्यता के अधीन है अर्थात सी0सी0आई0एम0/आयुष मंत्रालय, भारत सरकार से बी0ए0एम0एस0 पाठ्यक्रम की मान्यता प्राप्त होने के उपरान्त ही प्रवेश लिया जायेगा।**
2. समय–समय पर उ0प्र0 शासन व विश्वविद्यालय द्वारा दिये गये निर्देशों का अनुपालन किया जायेगा।
3. प्राचार्य एवं प्रवक्ताओं का अनुमोदन विश्वविद्यालय से प्राप्त कर उनके वेतन का भुगतान बैंक के माध्यम से किया जायेगा।
4. महाविद्यालय की वेबसाईट तथा विश्वविद्यालय के यू0डी0आर0सी0 पोर्टल पर प्राचार्य व प्रवक्ताओं का पूर्ण विवरण प्रत्येक दशा में अपलोड किया जायेगा।
5. महाविद्यालय द्वारा छात्र/शिक्षकों का अनुपात बनाये रखा जायेगा।
6. संस्थान द्वारा प्रवेश व परीक्षा आदि के सम्बन्ध में उ0प्र0 शासन/विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

भवदीय

(डॉ0 विनोद कुमार सिंह)
कुलसचिव

संख्या : दिनांक :

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. गार्ड फाईल।

कुलसचिव